कालेज में वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित

बरेली(एसएनबी) । श्री राम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट स्थापना के प्रथम वर्ष से वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन सफलतापूर्वक कराता रहा है। आज सोमवार को 32वीं वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन एसआरएमएस कलेज अफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलजी के सभागार में किया गया। इसमें शारिक शबाब जैदी (पक्ष) और यथार्थ आनंद (विपक्ष) प्रथम स्थान प्राप्त कर 'चल वैजयंती' ट्रफी अपने संस्थान बरेली कलेज को दिलवायी। ट्रस्ट सदैव होनहार छात्रों को उनकी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करता रहा है। इसकी स्थापना के प्रथम वर्ष से ही यहां वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित होती रही है।

एसआरएमएस इंजीनियरिंग कलेज के सभागार में 32वीं वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसका उद्घाटन ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति, डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आदित्य मूर्ति और डीन एकेडमिक सीईटी ड प्रभाकर गुप्ता द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।सभी विजेताओं को चेयरमैन देव मूर्ति और ट्रस्ट सचिव आदित्य मूर्ति ने सम्मानित किया। प्रतियोगिता में जज की भूमिका ड तारिक महमूद, अश्वनी कुमार और ड औसफ अहमद मलिक ने निभाई।

एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति, डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आदित्य मूर्ति, डा. प्रभाकर गुप्ता व अन्य।

एसआरएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित

प्रतियोगिता में एसआरएमएस सीईटीआर, महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय, केसीएमटी कलेज, एसआरएमएस आईएमएस, बरेली कलेज, एसआरएमएस पैरामेडिकल कलेज, एसआरएमएस सीईटी, एसआरएमएस सीईटी मैनेजमेंट, एसआरएमएस कलेज अफ फार्मेसी और ज्योति कलेज के छात्रों ने भाग लिया।